डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 285 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 31 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया






## परिवहन विभाग : अब 'गाड़ी चेकिंग' का बनाना होगा वीडियो

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल वाहनों की जांच और बगैर परमिट दौड़ने वाली यात्री बसों की जब्ती की कार्रवाई अब परिवहन फ्लाइंग स्क्वॉड कैमरे में रिकॉर्ड करेगा। लगातार सामने आ रहे विवादों के निपटारे के लिए परिवहन आयुक्त ने भोपाल सहित बड़े शहरों में यह व्यवस्था लागू कर दी है। इसके लिए परिवहन विभाग की लाइंग स्क्वॉड में तैनात सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल एवं सिपाहियों को बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस किया जा रहा है। भोपाल से पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरु होने वाली यह व्यवस्था धीरे-धीरे प्रदेश के सभी जिलों में लागू करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बता दें कि जिला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे उड़न दस्ता सहित अन्य विभाग फील्ड कर्मचारियों को बॉडी वॉर्न कैमरे के साथ ही इस प्रकार की कार्रवाई पर तैनात कर रहे हैं। दावा है कि विवाद की स्थिति में रिकॉर्डिंग के आधार पर उचित निर्णय लिया जा सकेगा।

### कैमरा लगाने का उद्देश्य...

चैंकिंग पाइंट पर ड्यूटी से गायब रहने और वाहन चालकों के साथ मारपीट व बदसलूकी की शिकायतें सामने आती रहती हैं। ड्रायवरों की ओर से परिवहन अमले के साथ भी अभद्रता के मामले भी सामने आते रहते हैं।

### यह है बॉडी वार्न कैमरा...

यह छोटा डिवाइस होता है। इसे वर्दी पर फीट किया जाता है। कैमरे में लैंस लगा होता है, जो चारों दिशाओं में घूम सकता है। क्षमता के अनुसार, इसमें डाटा 15 दिन तक स्टोर रह सकता है। इस कैमरे को जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) से कंट्रोल रूम से जोड़ा जा सकता है। ऐसे में कंट्रोल रूम से ही जवान की हर गतिविधि और कार्य स्थल पर उसकी मौजूदगी को अधिकारी ऑनलाइन मॉनिटर कर सकेंगे।

**इनका कहना**–चेकिंग स्टाफ को बॉडी वॉर्न कैमरे के साथ काम करने की व्यवस्था बनाई जा रही है। भोपाल सहित सभी जिलों में इसे प्रभावी किया जाएगा।

**विवेक शर्मा, परिवहन आयुक्त मप्र**

# नियमों पर खरा नहीं उतर रहे सरकारी स्कूल..!

## बच्चों की जान के साथ सुरक्षा दांव पर, निजी स्कूलों पर सख्ती कर 35 पर लगा दिये ताले



**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हाल ही में निजी स्कूलों पर मान्यता प्रावधानों में सख्ती अपनाई गई। तगड़े मापदंडों के बाद जिले में लगभग 35 स्कूलों पर ताले लग गए। इसमें अधिकांश भवन संबंधित मापदंड के चलते बंद हुए। लेकिन, सरकारी स्कूलों के भवनों की बात की जाए तो सरकारी आंकड़े ही बता रहे हैं कि जिले में 279 स्कूल भवनों को मरम्मत की दरकार है। मापदंडों की बात की जाए तो जिले के सरकारी स्कूल ही मापदंडों पर खरा नहीं उतर रहे। जर्जर भवन जहां हादसों के दावत दे रहे हैं तो वहीं बच्चों की सुरक्षा भी दांव पर लगी हुई है। सीसीटीवी कैमरे तो दूर की बात कई स्कूलों की बाउंड्रीवाल तक नहीं है।

### सड़क पर बच्चे...

जिला मुख्यालय पर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि, शासकीय कन्या उमावि बालागंज, नूतन हाईस्कूल सहित अधिकांश स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया गया। व्यस्ततम मार्ग पर वाहनों की आवाजाही निरंतर बनी रहती है। बच्चे सड़को पर घूमते रहते हैं। मुख्य द्वार पर कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे कि अजनबी लोगों को अंदर प्रवेश करने से रोका जा सके।

### गेट पर चौकीदार तक नहीं...

गाइड लाइन के अनुसार हायर सेकेंडरी और हाईस्कूल के मुख्य द्वार सहित अन्य जगह 24 घंटे में चार सुरक्षाकर्मियों का होना जरूरी है। सुरक्षाकर्मी तो ठीक है प्रावि, मावि में तो भृत्य का पद ही समाप्त कर दिया गया है।

### जिले में प्राविव मावि की स्थिति...

✻ लाइट कनेक्शन ही नहीं हैं। बिजली के लिए बजट का प्रावधान नहीं है। ✻ किसी भी शासकीय प्रावि व मावि में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे। ✻ अग्निशमन यंत्र के साथ फर्स्ट एड बाक्स का भी इंतजाम नहीं है। ✻ छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए अधिकांश स्कूलों में ट्रेनर नहीं।

### 2010 में जारी गाइड लाइन के अनुसार यह है स्कूलों के मापदंड

✻हर स्कूल में कंक्रीट की बाउंड्रीवाल होना चाहिए। ✻स्कूलों में 3-4 गेट होना आवश्यक है। ✻हर स्कूल में 24 घंटे तैनाती के लिए तीन-चार गार्ड होने चाहिए। ✻स्थानीय पुलिस थाने के नंबर स्कूलों की दीवार पर लिखे हो। ✻मुख्य द्वार पर टेलीफोन कनेक्शन होना चाहिए। ✻सीसीटीवी कैमरे के साथ स्कूलों में अग्निशमन यंत्र भी होना चाहिए। ✻सिक्योरिटी गार्ड और नोडल अधिकारी के पास वॉकी-टॉकी होना चाहिए। ✻स्कूलों में प्रवेश करने वालों की इंट्री दर्ज होना चाहिए।

## बारिश में देशी कुत्तों के साथ वाहन चोर भी सक्रिय

### रोज दे रहे चुनौती, पुलिस को नहीं मिल रही सफलता

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्यालय सहित समुचे अंचल में वाहन चोर गिरोह सक्रिय है। मंदसौर शहर कोतवाली क्षेत्र के जीवागंज से एक दिन पहले रात में एक पल्सर बाइक चोरी हो गई। इसका वीडियो फुटेज भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। इस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं अमूमन नहीं होती है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरो के लिहाज से सुरक्षित माने जाने वाले जीवागंज क्षेत्र में भी चोर सक्रिय हो गए है। इससे पता चल सकता है कि कॉलोनियों में चोरों का डर किस कदर व्याप्त है। इधर शहर की बात करें तो तीनों थाना पुलिस के हाथ खाली है। वहीं जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस वाहन चोरों पर लगाम लगाने में कामयाब नहीं हो पा रही। बारिश में कुत्तो के साथ वाहन चोरों की सक्रियता भी बढ़ी है। अब तक बस स्टैंड जैसे क्षेत्रों से बाइक चोरी होने की वारदातें सामने आती थी। लेकिन, अब तो घर, खेत या कॉलोनी में भी वाहन सुरक्षित नही है। जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में वाहन चोरों की गैंग सक्रिय रूप से काम कर रही है। लगातार वाहन चोरी के वीडियो फूटेज भी सोशल मीडिया पर चोर की तस्वीर के साथ वायरल हो रहे हैं। इसके बाद भी पुलिस इन्हें पकड़ नहीं पा रही है। चोरी हुए वाहनों में कई नामी कंपनियों के वाहन हैं। लॉकिंग सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं।

### एफआईआर भी नहीं कराते...

शहर में 30 फीसदी लोग बाइक खरीदते समय ही बीमा कराते हैं। इसके बाद ध्यान नहीं देते। इधर बाइक का चालान करते समय भी पुलिस इनसे वास्ता नहीं रखती। केवल पैसे लेकर गाड़ियां छोड़ देती है। बाइक मालिक दूसरी बार बीमा कराने नहीं जाते। इसीलिए चोरी होने के बाद ऐसे लोग रिपोर्ट दर्ज कराने भी थाने नहीं जाते।

### कबाड़ दुकानों में खप रही बाइक...

चोरी की अधिकांश बाइक कबाड़ियों के पास खपाई जाती हैं। कबाड़ी एक बाइक दो से तीन हजार रुपए में खरीदकर उसका एक-एक पार्ट्स अलग कर देते हैं। इनका हर पुर्जा अलग कर इंजन व कीमती सामानों को मैकेनिकों के पास बेच देते हैं। विशेषकर जिले में चोरी होने वाली बाइक को अन्यत्र जिले में बेचा जाता है।



### बाईक सुरक्षा के लिये क्या करें...

✻ कार की तरह बाइक में भी सेंटर लॉक लगा सकते हैं। यदि कोई आपके बाइक के करीब आएगा या दूसरी चाबी का उपयोग करेगा तो अलर्ट के सिग्नल के रूप में आवाज आने लगेगी। ✻ लॉक की हमेशा जांच कराते रहें, चार पांच महीने बाद इसे बदलना न भूलें। बार-बार चाबी लगाने से लाक के भीतर का हिस्सा घिस जाता है, फिर उसमें कोई भी चाबी काम करने लगती है। ✻ संभव हो तो गाड़ी को स्टैंड में खड़ी करिए, यदि आसपास इसकी व्यवस्था नहीं हो तो चक्कों को भी लाक कर रखें। इसके लिए अलग से राउंड लाक लेकर चलें। ✻ गाड़ी के कागजात दुरुस्त रखें, ताकि चोरी होने के बाद एफआईआर दर्ज करा सकें। साथ ही बीमा क्लेम भी कर सकें ✻ गाड़ी पर बार-बार नजर रखें, यदि किसी की गतिविधियां संदिग्ध लगे तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

### फरार ईनामी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एनडीपीएस के तीन फरार ईनामी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शामगढ़ पुलिस ने बताया कि फरार ईनामी आरोपियों भारतसिंह पिता कालूसिंह सौधिया राजपुत निवासी ग्राम हामली, नौशाद पिता कासम उर्फ कासिम अजमेरी निवासी गौरखेडी थाना नई आबादी मंदसौर और शाहरुख लाला पिता अय्युब खान पठान निवासी खेजडिया थाना सीतामऊ मंदसौर के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के तहत कार्यवाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी न्यायालय द्वारा जारी उद्घोषणा आदेश के उपरान्त भी पेश नही हुए। बता दे कि न्यायालयीन उद्घोषणा के उपरान्त फरार आरोपियो के पेश ना होने पर 07 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है।

### आनंदीपुरा गांव में घुसा चार फीट का मगरमच्छ

**गरोठ, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वन परिक्षेत्र के आनंदीपुरा गांव में एक चार फीट लंबे मगरमच्छ की मौजूदगी से स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। सरपंच मदनलाल ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे गांधीसागर जलाशय में छोड़ा गया।

इस अभियान में वन विभाग के कर्मचारी मुकेश मालवीय, किशोर गोस्वामी और दिलीप पांडे सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने मगरमच्छ को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे गांधी सागर अभ्यारण्य में छोड़ दिया गया, जो उसके प्राकृतिक आवास के लिए उपयुक्त स्थान है। मगरमच्छ के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस पूरे ऑपरेशन में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया। वन विभाग ने ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की।

## आंगनवाड़ियों को प्ले स्कूल में बदलेंगे

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश सरकार बच्चो और उनके अभिभावकों को बड़ी सौगात देने जा रही है। सरकार प्रदेश की 24 हजार 662 आंगनबाड़ियों को प्ले स्कूल के रूप में डेवलप कर रही है। इन आंगनबाड़ियों का कायाकल्प कर न केवल स्मार्ट लुक दिया जाएगा। बल्कि यहां डिजिटल लर्निंग से लेकर पोषण वाटिका तक की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह पहल की जा रही है।



मप्र के 25 प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्र अब 'सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र' के रूप में विकसित किए जाएंगे। इन्हें ईसीसीई और स्मार्ट सुविधाओं से संवारा जाएगा। प्रदेश के 24 हजार 662 आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में उन्नत किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इन केंद्रों को 03 से 06 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्ले स्कूलों की तर्ज पर आधुनिक तकनीक और मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित कर स्मार्ट बनाया जा रहा है। ऐसे हरेक आंगनबाड़ी केंद्र में एलईडी (स्मार्ट टीवी), वॉटर प्यूरीफायर, वर्षा जल संचयन प्रणाली, पोषण वाटिका होगी। खास बात यह है कि यहां जरुरी गतिविधियों के लिए आवश्यक सभी संसाधनों भी मुहैया कराए जाएंगे।

### प्ले स्कूलों के जैसे ही बच्चों को मिलेगी स्मार्ट शिक्षा...

प्रारंभिक शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी स्मार्ट टेलीविजन लगाए जा रहे हैं। इनका उपयोग बच्चों को हिन्दी-अंग्रेज़ी वर्णमाला, गिनती और अन्य पूर्व प्राथमिक शिक्षा गतिविधियों के विज़ुअल टूल्स के माध्यम से ज्ञान देने में किया जाएगा। प्ले स्कूल जैसी यह पहल बच्चों में सीखने के प्रति रुचि और आनंद उत्पन्न करेगी, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को बल मिलेगा।

### वॉटर प्यूरीफायर का साफ पानी...

आंगनबाड़ी केंद्रों पर वॉटर प्यूरीफायर लगाए जा रहे हैं, जिससे बच्चों को स्वच्छ पेयजल सुलभ हो सके। यह प्रयास जलजनित बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी साबित होगा और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा। इन आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। हर आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्ध भूमि में पोषण वाटिका भी तैयार की जा रही है, जिसमें मौसमी सब्जियाँ व फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इन ताजे, पोषक और किफायती खाद्य पदार्थों से आंगनबाड़ी के बच्चों और आसपास के जरूरतमंद परिवारों को भी लाभ होगा।

### यह होते हैं प्ले स्कूल...

प्ले स्कूल, जिसे प्री स्कूल या किंडर गार्टन भी कहा जाता है, छोटे बच्चों के लिए एक शिक्षा संस्थान है। आमतौर पर 03 से 05 साल की उम्र के बच्चों के लिए ये स्कूल औपचारिक शिक्षा के लिए तैयार करने और सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक कौशल विकसित करने में मदद करते हैं। प्ले स्कूल में बच्चों को कला, संगीत, कहानी-कथन और शारीरिक खेल गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जाता है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आनेवाले बच्चे भी यही माहौल महसूस करें।

### सरकारी कालेजों में एमबीबीएस की 150 सीटें बढ़ी, निजी में 250 घटी

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में मेडिकल शिक्षा के ढांचे में बड़ा फेरबदल हुआ है। साल 2024 की तुलना में 2025 में एमबीबीएस और बीडीएस की कुल सीटों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। साल 2025 में डॉक्टर बनने की पहली सीढ़ी प्रदेश में 150 मेडिकल स्टूडेंट्स कम चढ़ेंगे। इसकी वजह है इस सत्र में एमबीबीएस की 100 सीटें और बीडीएस की 50 सीटें कमी होना।इस साल मध्यप्रदेश में 4 हजार 775 एमबीबीएस सीटों पर मेडिकल स्टूडेंट्स को प्रवेश मिलेगा। जबकि बीते साल यह संख्या 4 हजार 875 थी। वहीं, साल 2025 में बीडीएस की 1233 सीटें हैं। जबकि बीते साल यह 1283 थी।चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, यह डायरेक्टोरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन से जारी पहला सीट चार्ट है। अब इस पर आपत्ति और सुझाव आएंगे। जिनके निराकरण के बाद जल्द फाइनल सीट चार्ट जारी किया जाएगा।



## अर्थी के आगे नाच दोस्त ने निभाया वादा

**मंदसौर/जवासिया, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दोस्ती का ऐसा उदाहरण कम ही देखने को मिलता है, जब कोई मित्र अपने दिवंगत साथी की अंतिम इच्छा को पूरे सम्मान के साथ निभाए। ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य जिले के ग्राम जवासिया में देखने को मिला। जहां समाजसेवी स्व. सोहनलाल जैन की अंतिम यात्रा में उनके मित्र अम्बालाल प्रजापत ने नाचते हुए विदाई दी।

मिली जानकारी के अनुसार सोहनलाल जैन पिछले कुछ वर्षों से कैंसर से पीड़ित थे। वर्ष 2021 में उन्होंने एक पत्र के माध्यम से अपने परम मित्र अम्बालाल प्रजापत एवं शंकरलाल पाटीदार से आग्रह किया था कि उनके निधन के बाद शोक के बजाय उत्सव मनाया जाए और अंतिम यात्रा में नाचते हुए उन्हें विदाई दी जाए। स्वजनों की अनुमति एवं गांव के लोगों की उपस्थिति में जब अंतिम यात्रा निकली, तो अम्बालाल प्रजापत ने अपने मित्र की इच्छा का पालन करते हुए उनकी अर्थी के आगे डांस किया। यह दृश्य देख ग्रामीणजन भावविभोर हो उठे और वातावरण श्रद्धा व भावुकता से भर गया। गांव के समाजसेवी दौलतराम शर्मा जवासिया ने बताया कि स्व. सोहनलाल व अम्बालाल प्रजापत तथा शंकरलाल पाटीदार की मित्रता लगभग 25 वर्षों पुरानी थी। तीनो गांव में रामधुन, भजन के आयोजन में सक्रिय रहते थे और धार्मिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते थे। आज शंकरलाल गांव में मौजूद नही थे। लेकिन, अम्बालाल ने अपने मित्र की इच्छा अनुसार अर्थी के आगे डांस किया।

## सीआरएस ने किया नीमच-रतलाम रेल सेक्शन दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। रतलाम रेल मंडल में 1100 करोड़ रुपए वाली नीमच-रतलाम दोहरीकरण परियोजना का काम अब अंतिम चरण में चल रहा है। बुधवार को पश्चिम रेलवे के संरक्षा आयुक्त यानी सीआरएस ई श्रीनिवासन ने दलौदा से ढोढर तक दोहरीकरण में किए कार्य का निरीक्षण किया। रेलवे ने नीमच से रतलाम तक के दोहरीकरण कार्य में अब तक 90 प्रतिशत कार्य कर लिया है। दावा है कि दिसंबर की डेड लाइन के पूर्व शेष कार्य कर लिया जाएगा।**

रतलाम रेल मंडल के नीमच-रतलाम के बीच अलग-अलग सेक्शन पर ट्रैक डबलिंग का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। सेक्शन के बीच दलौदा-कचनारा-ढोढर सेक्शन में चल रहे कार्य को देखने पश्चिम रेलवे के सीआरएस श्रीनिवासन ने दौरा कर 30 को निरीक्षण किया। सीआरएस के आने के पहले रेलवे ने दो दिन का मेगा ब्लॉक लिया था। इस कारण 30 जुलाई को चार ट्रेनें प्रभावित हुई।

### ब्रिज का कार्य अंतिम चरण में...

दोहरीकरण कार्य के दौरान रेल्वे मंदसौर के शिवना नदी पर नया ब्रिज बना रही है। इस ब्रिज का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसके अलावा रतलाम से घोसवास के क्यू ट्रैक पर दोहरीकरण कार्य में कुछ हिस्सा रह गया है। रेलवे के निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार सीआरएस निवासन ने 100 से 120 की स्पीड से ट्रायल किया। नीमच-रतलाम दोहरीकरण परियोजना के तहत दलौदा से ढोढर के बीच किमी 304.367 से 324.440 किमी तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी नवीन दोहरीकृत लाइन पर कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी किमी पर सीआरएस द्वारा निरीक्षण किया गया।



### इनका कहना...

नीमच-रतलाम के बीच दोहरीकरण कार्य तेजी से जारी है। कुछ ही कार्य शेष है जो तय समय के पूर्व करने के प्रयास जारी है। चल रहे कार्य की प्रति सप्ताह समीक्षा वरिष्ठ अधिकारी कर रहे है। इसके अलावा भौतिक निरीक्षण भी किया जाता है।

**खेमराज मीणा**
**जनसंपर्क अधिकारी, रतलाम रेल मंडल**

### रतलाम रेल मंडल ने बनाया कीर्तिमान...

## 20 माह से लगातार प्रति माह किया एक हजार से अधिक क्रैक ट्रेनों का संचालन

**रतलाम, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने ट्रेनों के कुशल संचालन में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। दिसंबर 2023 में पहली बार एक महीने में 1000 से अधिक क्रैक ट्रेनों का संचालन करके शुरूआत की गई थी, जो अब तक निरंतरता के साथ जारी है। इस अवधि में अब तक कुल 26000 से अधिक क्रैक ट्रेनों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया है, जो औसतन 43 से अधिक क्रैक ट्रेन प्रति दिन के प्रभावशाली आँकडे को दर्शाता है। पश्चिम रेलवे की सबसे तेज क्रैक ट्रेन 26 नवंबर 2024 को रतलाम से वडोदरा के बीच चलाई गई थी, जिसने 3 घंटे 47 मिनट में यह दूरी तय की और 69.13 किमी/घंटा की औसत गति प्राप्त की। क्रैक ट्रेनों के परिचालन को और सशक्त करने हेतु सुपर-क्रैक ट्रेनों की भी शुरूआत की गई, जो एक से अधिक क्रू लॉबी को बायपास करती हैं। उज्जैन-बड़ौदा-उज्जैन, गोधरा-भोपाल, रतलाम-उधना-रतलाम, बकानियाँ भौंरी-गोधरा-बकानियाँ भौंरी , उज्जैन-वाणक बोरी -उज्जैन और उज्जैन- करछिया यार्ड-उज्जैन जैसे मार्गों पर इन सुपर-क्रैकों का संचालन किया गया। पश्चिम रेलवे की अब तक की सबसे तेज और सबसे लंबी चलने वाली सुपर-क्रैक ट्रेन 3 मई 2024 को गोधरा से भोपाल के बीच चलाई गई, जिसने 6 घंटे 50 मिनट में यात्रा पूरी कर 68.2 किमी/घंटा की औसत गति हासिल की। इतना ही नहीं, पश्चिम रेलवे ने पहली बार तीन डिवीजनों को कवर करने वाली क्रैक ट्रेनों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया, जिसमें रतलाम-वटवा तथा रतलाम-उधना मार्ग शामिल रहे और इन मार्गों पर दोनों दिशाओं में क्रैक ट्रेनों का संचालन किया गया। जनसंपर्क अधिकारी-रतलाम मंडल खेमराज मीना ने बताया कि ये ऐतिहासिक उपलब्धिया सभी विभागों के निरंतर सहयोग और पड़ोसी रेलवे डिवीजनों के साथ-साथ पश्चिमी रेलवे मुख्यालय टीम के निरंतर समर्थन का प्रतिफल हैं, जो भारतीय रेलवे के कुशल संचालन की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं।



## सुश्री पंड्या ने नीमच में शिशु गृह का निरीक्षण किया

**नीमच, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या ने बुधवार को नवांकुर संस्था द्वारा संचालित शिशु गृह नीमच का आकस्मिक निरीक्षण किया। संस्था में 3 बच्चे आश्रय रत है। इनमें से 2 बच्चों को लीगल फ्री किया जा चुका है उन्होंने एक आश्रय रत बालिका को लीगल फ्री करने की त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। संस्था निरीक्षण में समस्त 4 कैमरे चालू पाए गए। बच्चों की सुव्यवस्थित देखभाल, नियमित स्वास्थ्य जांच, उचित पोषण एवं रिकॉर्ड संधारण के आवश्यक निर्देश भी दिए।

## जिले में अब तक 482.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 482.8मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 6.5 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 4.0 मि.मी., सीतामऊमें 4.6 मि.मी., सुवासरा में 12.4 मि.मी., गरोठ में 11.2मि.मी., भानपुरा में 15.6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 2.0 मि.मी., धुधंडका में 3.0 मि.मी., शामगढ़ में 12.0 मि.मी., संजीत में 3.0 मि.मी., कयामपुर में 4.3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 534.0 मि.मी., सीतामऊमें 406.4 मि.मी. सुवासरा में 344.2 मि.मी., गरोठ में 473.4 मि.मी., भानपुरा में 1185.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 274.0मि.मी., धुधंडका में 368.0 मि.मी., शामगढ़ में 435.4 मि.मी., संजीत में 373.0मि.मी., कयामपुर में 383..3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 534.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1292.36 फीट है।

## स्थापना दिवस को लेकर विश्व हिन्दु परिषद की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दु परिषद के जिला मंत्री हेमंत बुलचंदानी ने बताया की इस वर्ष श्री कृष्ण जनमाष्टमी महोत्सव एवं विश्व हिन्दु परिषद की स्थापना दिवस को लेकर विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव एवं विश्व हिन्दु परिषद का स्थापना दिवस दिंनाक 16 अगस्त 2025 वार शनिवार को मनाया जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार विशाल चल समारोह को और आकर्षक बनाया जायेगा इसके लिये मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी द्वारा भारतीय संस्कृति से परिपूर्ण सुंदर आकर्षक एवं संस्कृति से परिपूर्ण नृत्य की प्रस्तुती, सुंदर मनमोहक एवं नयनाभिकराम झांकीया, डोल, ताशे, एवं हेरत अंगेज अखाडे आकर्षण का केंद्र रहेंगे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति एवं विहिप के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने सभी धर्मप्रेमी नागरीक बंधुओ से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव व विहिप के स्थापना दिवस में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता कल

### 123 स्कूलों की टीमों ने कराया पंजीयन, ऑडियो-विजुअल राउंड रहेगा आकर्षण का केंद्र

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पर्यटन विकास निगम, मध्यप्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाने वाली पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन इस वर्ष 1 अगस्त 2025 को होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, मंदसौर में आयोजित की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री टैरेसा मिंज ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से कुल 123 टीमों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। प्रत्येक टीम में तीन विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। नोडल अधिकारी डॉ. विनीता प्रधान, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर ने बताया कि आयोजन में कुल 48 सदस्यों की टीम बनाई गई है, जिन्हें आयोजन, पंजीयन, मूल्यांकन, पर्यवेक्षण एवं संचालन जैसे विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। प्रतियोगिता का प्रारंभ प्रातः 9 बजे से पंजीयन एवं कक्ष आवंटन के साथ होगा। प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में विद्यार्थियों की लिखित परीक्षा होगी, जिसमें प्राप्त अंकों के आधार पर 6 श्रेष्ठ टीमों का चयन किया जाएगा। द्वितीय चरण में इन 6 टीमों के बीच ऑडियो-विजुअल राउंड के माध्यम से रोचक मुकाबला होगा। इस राउंड की विजेता टीम मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज में करेगी।

इस प्रतियोगिता के संचालन हेतु श्रीमती कीर्ति सक्सेना, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2, मंदसौर को क्विज मास्टर के रूप में चयनित किया गया है। वे राज्य स्तर से प्रशिक्षित भी हैं। प्रतियोगिता में प्रयुक्त होने वाले प्रश्न पत्र एवं ऑडियो-विजुअल सामग्री राज्य स्तर से उपलब्ध करवाई जा रही है। यह आयोजन पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मंदसौर जिले की सहभागिता उल्लेखनीय रहने वाली है। आयोजन से न केवल विद्यार्थियों में पर्यटन के प्रति रुचि विकसित होगी, बल्कि उन्हें मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर से भी परिचित होने का अवसर मिलेगा।

# पीएम कालेज ऑफ एक्सीलेंस मंदसौर में कारगिल विजय दिवस मनाया

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे. एस. दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 30 जुलाई 2025 को प्रधानमन्त्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर के एन.एस.एस., एन.सी.सी. व चित्रकला विभाग द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारतीय सेना के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनकी पुण्य स्मृति में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में कारगिल विजय विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित की गई, साथ ही 'कारगिल युद्ध और शहीदों का बलिदान' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। 26 वर्ष पूर्व 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल पर विजय प्राप्त कर अपने शौर्य और पराक्रम की ध्वजा फहराई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चित्र निर्माण कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। परिचर्चा में डॉ. सीमा जैन ने बताया कि 1999 में भारत और पाकिस्तान के मध्य कारगिल युद्ध हुआ था। पाकिस्तानी सेना और आतंकवादियों ने कारगिल की उंची पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय के तहत उन्हें पीछे खदेड दिया और अंततः 26 जुलाई 1999 को युद्ध में विजय प्राप्त की। यह दिन प्रतिवर्ष कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भारतीय सेना की बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के दिन हम लोग कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों के बलिदान को याद कर उनके प्रति अपना कृतज्ञता भाव प्रकट करते हैं।

डॉ .प्रीति श्रीवास्तव ने परिचर्चा में सहभागिता करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध को कारगिल संघर्ष के रूप में भी जाना जाता है। यह युद्ध 16 हजार फीट उंची पहाड़ियों पर लड़ा गया था। कारगिल युद्ध लगभग दो माह तक चला जिसमें 500 से अधिक सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया था। कैप्टन विक्रम बत्राको कारगिल युद्ध का नायक माना जाता है इन्हें मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। इसी प्रकार लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, रायफलमैन संजय कुमार तथा ग्रेनेडियल योगेंद्र सिंह यादव को भी भारत के सबसे बड़े वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। कारगिल विजय दिवस के रूप में हम उन अमर शहीदों के अदम्य साहस, पराक्रम और शौर्य को नमन करते हैं तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एन.सी.सी. अधिकारी प्रो. योगेश कुमार पटेल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देशभक्ति और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। आज के दिन हम अपने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं उन जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों के आहुति दी। उनके इस बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। देश की एकता और अखण्डता के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित लोधा ने कहा कि हमारे नौजवान किन विषम परिस्थितियों में युद्ध करते हैं। हमें उन पर गर्व है ,किन्तु आज यह सोचने का विषय है कि हमें यह विजय किन मूल्यों पर मिली है? ऐसी स्थिति में जब सैनिक देश की सीमाओं पर तैनात होकर हमारी रक्षा करते हैं तब सामान्य नागरिकों को भी राष्ट्र के प्रति देशभक्ति का भाव रखते हुए कार्य करना चाहिए। डॉ. शिखा ओझा ने बहादुर सैनिकों को नमन करते हुए कहा कि हमें वीर सैनिकों पर गर्व है जिनके साहस के कारण आज हम अपने देश में निर्भीक होकर जीवन यापन करते हैं। प्रो.के.के. टुटेजा ने अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे माताएं धन्य हैं जो अपनी संतानों को देश की रक्षा के लिए समर्पित कर देती हैं। परिचर्चा में हिंदी विभाग के श्री वर्दीचंद राठौर, सुधांशु भावसार, जाह्नवी जैन, मनीषा हाड़ा, साक्षी सोनी एवं करण ने शहीदों के बलिदान के प्रति अपने भावों को अभिव्यक्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा कल्पना सोलंकी ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा ऋतु चौधरी ने द्वितीय स्थान तथा गरिमा नवले व दिलीप राव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# सेवानिवृत्त लोकसेवकों के स्वत्वों का निराकरण एक सप्ताह में करें-टेरेसा मिंज

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला शिक्षा कार्यालय मंदसौर में जिला शिक्षाधिकारी मंदसौर टेरेसा मिंज मेडम की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभागीय पेंशनर फोरम की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आनन्द डाबर सहायक संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मंदसौर एवं शंकरलाल रांगोठा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीतामऊ उपस्थित रहे। जिसमें विभाग के सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण को लेकर भारत पेंशनर समाज, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन एवं सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला शाखा मंदसौर द्वारा प्रस्तुत ज्ञापनों पर जिला अध्यक्ष पंडित गोपालकृष्ण शर्मा, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, महामंत्री सुनील व्यास, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सतीश नागर, उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह चौहान, सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला अध्यक्ष अशोक कुमार रामावत, जिला सचिव चन्द्रकांत शर्मा एवं श्री कोमल वाणवार ने ज्ञापन प्रस्तुत कर चर्चा की। बैठक में योजना प्रभारी दिलीप मुजावदिया, स्थापना प्रभारी विनोद गुप्ता, लेखापाल राकेश पुरोहित, पेंशन शाखा प्रभारी संजय जोशी भी उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर फोरम की नियमित बैठक रखने, अर्जित अवकाश का सेवानिवृत्त के समय भुगतान, 30 जून 31 दिसम्बर के एक काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देने, चतुर्थ समयमान का लाभ पात्रतानुसार पेंशनरों को देने, लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण करने, कन्या उ.मा.वि. पिपलियामंडी के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, भानपुरा विकासखण्ड के संकूलों के पेंशनरों के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने जैसे कई बिन्दूओं का ज्ञापन में उल्लेख कर चर्चा की गई। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज द्वारा इनका शीघ्र समयावधि में निराकरण का आश्वासन देकर सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी संकुल प्राचार्यों को भी कार्यवाही करने एवं पेंशनर संगठनों के ज्ञापन पर कार्यवाही करते हुए संगठनों के पत्रों का उत्तर देने के लिये निर्देश दिये जाने की बात प्रतिनिधियों को दी गई उक्त जानकारी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा द्वारा दी गई।



# विद्यार्थियों को मिली साईकिलें, छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**नगरी, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के शासकीय उमावि निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गयों कार्यक्रम में बाहर गांव से आने वाले कक्षा 9 वी के नव प्रवेशित 26 विद्यार्थियों जिसमें 14 छात्रा एवं 12 छात्रों को साईकिल वितरित की गयीं कार्यक्रम मे नगर परिषद अध्यक्ष संगीता बग्गड़ ,अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड़, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश अटोलिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अटोलिया सहित नगर परिषद् नगरी के समस्त पार्षदगण अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अध्यक्ष प्रतिनिधि बग्गड ने विद्यार्थियों को नियमित विद्यालय में उपस्थित होकर भविष्य संवारने की बात कहीपूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश अटोलिया ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा छात्र छात्राओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्य रीता शर्मा ने निः शुल्क साइकिल वितरण योजना से सभी को अवगत कराया कार्यक्रम मे जिला स्तरीय मलखम्ब प्रतियोगिता मे उत्कृष्टप्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों निखिल पिता प्रकाश श्रीमाल एवं सुभाष पिता राधेश्याम मालवीय का अतिथियों द्वारा सम्मान भी किया गयों एक पेड मा के नाम कार्यक्रम का भी क्रियान्वयन अतिथियों द्वारा किया गया एवं पौधरोपण किया गया। विद्यालय मे नशा मुक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों द्वारा समस्त अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गयी एवं नारे भी लगाए गएं साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बनाये गए पोस्टर का प्रदर्शन भी किया गयों कार्यक्रम में शिक्षक यशवंत धाकड़, भँवरलाल सागीत्रा, गोपाल धाकड सहित समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।



# मां अन्नपूर्णा के दरबार में हनुमान चालीसा का पाठ सम्पन्न

**मनासा, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** माँ अन्नपूर्णा के दरबार में सनातन सत्संग मंडल व्दारा 45वां श्री हनुमान चालीसा पाठ भारी संख्या में शामिल सनातनी परिवारो के साथ सम्पन हुआ। अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय (शाहपुरा) के युवा,ओजस्वी वक्ता,राम राष्ट्र के प्रखर प्रवक्ता श्री चेतनरामजी(उदयपुर)की प्रेरणा से प्रवाहित इस धर्म धारा में चलो बुलावा आया है,माता ने बुलाया है से अशोक लोकवानी ने अपनी भेंट प्रस्तुत की,तो जमनालाल पाटीदार ने घुमादे मारा बालाजी भजन गाकर भक्तो को नृत्य कराया साथ ही राजकुमार मारू, सत्यनारायण सोनी,ओम सोनी,आदि ने भजनो की मोहक प्रस्तुति दी।

प्रारंभ में लाभार्थी श्रीचन्द्रप्रकाश चौधरी, निरंजन पाराशर आदि ने श्री हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कल सत्संग का प्रारंभ किया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्तीय अधिकारी श्री दशरथसिंह झाला ने श्री हनुमान चालीसा पाठ आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त कर इससे संपूर्ण हिन्दू समाज को जुड़ने का आग्रह किया।साथ ही आपने कहा कि मुगल व ईसाई धर्म तलवार के बल पर इस देश में अपनाये गये,जबकि अनेको हिन्दू राजा होने के बाद एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता है कि ताकत या तलवार के बल पर हिन्दू धर्म अपनाने को बाध्य किया हो।श्री झाला ने कहा कि विश्व में मात्र सनातन हिन्दू धर्म ही सबके सुखी,सम्पन, निरोगी होने की प्रार्थना नित्य करता है।आगे आपने कहा कि आज विश्व का परिदृश्य बदला है,अब सब ओर सनातन धर्म की ध्वजा फहरा रही है,जिसके तले ही विश्व परम वैभव को प्राप्त होगा।श्री झाला ने धार्मिक आयोजन को राष्ट्र से जोडकर भारत माता का जयघोष करने का आग्रह किया। सनातन सत्संग मंडल की ओर से सभी का आभार व्यक्त करते हुए 46वें श्रीहनुमान चालीसा पाठ में दिनांक 5अगस्त मंगलवार को रात्रि 8-30बजे श्री रामेश्वर महादेव मंदिर, विवेकानंद नगर,मनासा पर अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।



## सीबीएसई वेस्ट जोन प्रतियोगिता हेतु 19 खिलाड़ियों का चयन



**दलौदा, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री साँई पब्लिक स्कूल, दलौदा के 19 खिलाड़ियों का सी.बी.एसई वेस्ट जोन प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ। यह प्रतियोगिता सी.बी.एसई वेस्ट जोन योगा प्रतियोगिता सूरत में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में श्री साँई पब्लिक स्कूल दलौदा के खिलाड़ियों का चयन बालक 14 वर्ष में नैतिक सिंह सोलंकी, कुणाल सिंह सोलंकी, तनिष पाटीदार, राकेश परमार, नक्शा पाटीदार, बालिका 14 वर्ष में काव्या धाकड, अन्वी पाटीदार, हितांशी धाकड, गुंजन पाटीदार, नंदिनी पॉल, बालक 17 वर्ष में विशाल व्यास, शिवम ठन्ना, अथर्व शर्मा, आदर्श पाटीदार, विशाल राठौर, बालिका 17 वर्ष में दिशा कुंवर देवड़ा, भूमिका मालवीय, इशिता पॉल, निराली पाटीदार, का चयन हुआ है।

इस अवसर पर श्री साँई पब्लिक स्कूल, दलौदा के संचालक श्री मोहसिन अख्तर, सहसंचालक श्री नबील अख्तर, उपप्राचार्य श्री मनोज शर्मा और व्यायाम निर्देशक दिनेश धाकड़, अभिषेक सेठिया, सपना धाकड, आरती चंद्रावत, जयेश माली, लक्ष्मी कुमावत, जावेद अख्तर ने सभी बच्चों और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की यह जानकारी स्कूल के शिक्षक रोहन मोड ने दी।

# नशामुक्ति अभियान में दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** 'नशामुक्ति अभियान अंतर्गत मन्दसौर शहर के युवाओं को इसके लिए जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविधालय, (पी. जी. कॉलेज) मन्दसौर के खेल मैदान पर दौड प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष और महिला वर्ग में हुआ, दौड खेल और युवा कल्याण विभाग एवं प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविधालय, मन्दसौर द्वारा आयोजित की गई, दौड के बाद मन्दसौर पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद एवं जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवडा ने सभी प्रतिभागी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई, और प्रतियोगिता में विजेता महिला वर्ग में प्रथम स्थान हंसा बथमी, द्वितीय स्थान नीमा सूर्यवंशी, तृतीय स्थान ज्योति कुमावत, चतुर्थ स्थान कुमकुम सोलंकी, पंचम स्थान रवीना कँवर रही, वही पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान नितिन माली, द्वितीय स्थान वीरेंद्र सिंह राठौड, तृतीय स्थान अंकित प्रजापत, चतुर्थ स्थान मुकेश डांगी, पंचम स्थान पुष्पेंद्र शर्मा रहें जिन्हे पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद, एवं जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संपन्न जिला एथलेटिक्स कोच, श्री मुकेश भटेवरा ने कराया, इस अवसर पर सूबेदार श्री सत्येंद्र सिंह राजपूत, लोकेन्द्र सिंह शक्तावत, जयंत माली उपस्थित रहें।



## महादेव का किया 5100 बेलपत्रों से अभिषेक

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्नेह नगर स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर पर नागपंचमी के पावन पर्व पर महादेव का 5100 बेलपत्रों से अभिषेक गया जिसमें सैकडों महिलाओं ने भाग लेकर अपनी मनोकामना करी। तत्पश्चात महाआरती कर मिठाई वितरण की गई। इस दौरान पंडित श्री सत्यनारायण शर्मा अमलावद वाले ने 1008 बार महादेव के मंत्रोंचार कर अभिषेक कराया गया। मन्दिर समिति का यह प्रथम प्रयास था जो सफल रहा। भोलेनाथ के अभिषेक के पूर्व मन्दिर में 12 ज्योतिर्लिंग महादेव पर लगे नाग देवताओं का महिलाओं ने बारी-बारी से अभिषेक कर नाग पंचमी उत्सव मनाया। मंदिर समिति महिला भक्त मित्र मंडल ने बताया कि अगले सावन सोमवार 4 अगस्त को इसी मन्दिर पर महादेव का फलाभिषेक किया जाएगा जिसमें जो भी भक्त अपने श्रद्धा भाव से मौसमी फल लाकर अभिषेक में भाग ले सकते है।

## गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिड़काव किया

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर के द्वारा कल वार्ड क्रमांक 12 के विभिन्न क्षेत्रों में गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिडकाव किया गया, नगर पालिका परिषद के द्वारा जहां भी आवश्यकता है वहां गाजर घास के उन्मूलन के लिए दवाई का छिडकाव किया जा रहा है कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमती दीपमाला रामेश्वर मकवाना क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुनीता अशोक भावसार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए





## नगरी से कांकरवा बालाजी तक निकली पैदल यात्रा, 600 श्रृद्धालू हुए यात्रा में शामिल

**नगरी, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश के साथ ही भरपूर फसलों का उत्पादन एवं सुख समृद्धि की कामना को लेकर नगरी के मंशापूर्ण बालाजी मंदिर से कांकरवा बालाजी तक स्वामी श्री मणिमहेश चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में पद यात्रा का आयोजन हुआ। करीब 8 किमी की यात्रा में 600 भक्त बैंड-बाजों के साथ धर्म ध्वजा लिए भजनों की धुन पर झुमते हुए शामिल हुए। पैदल यात्रियों का जगह जगह नागरिकों एवं सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने स्वागत किया। बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में नगर के समाजसेवी लक्ष्मीनारायण बग्गड़ द्वारा पैदल यात्रा का आयोजन किया गया। पद यात्रा का समापन कांकरवा बालाजी मंदिर परिसर में बालाजी महाराज की महाआरती पश्चात महाप्रशादी वितरण के साथ हुआ। पैदल यात्रा में नप अध्यक्ष संगीता बग्गड़, सांसद प्रतिनिधि घनश्याम बग्गड, बालाजी मित्र मंडल के लक्ष्मीनारायण बग्गड़,अनिल बग्गड, रणजीत बग्गड़, मुकेश चचावद सहित बड़ी संख्या में नगरी एवं समीपस्थ गांव के नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

# स्लम बस्तियों में आश्रय निधि से सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी-चंद्रा

### कलेक्टर ने किया नीमच शहर की विभिन्न स्लम बस्तियों का निरीक्षण, स्लम बस्तियों में सुविधाओं का लिया जायजा

**नीमच, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्लम एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत नीमच शहर की एकता कालोनी, अम्बेडकर कालोनी, यादव मण्डी, रावण रूण्डी एवं गाडोलिया बस्ती , ग्वालटोली व अन्य स्लम बस्तियों में आश्रय निधि से सडक, बिजली, नाली आदि मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए स्टीमेट तैयार कर प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को नीमच शहर की एकता कॉलोनी, अम्बेडकर कालोनी, यादव मण्डी , नीमच सिटी, रावण रूण्डीं एवं गाडोलिया बस्तीत, बरूखेड़ा रोड़ स्थित स्लम बस्तियों का निरीक्षण के दौरान नीमच न.पा. सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया को दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री संजीव साहू, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री चंद्रसिह धार्वे, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, तहसीलदार नीमच श्री संतोष कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने अम्बेडकर कालोनी स्थित आंगनवाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर, स्कूल परिसर की प्रीकास्ट् बाउण्ड्रींवाल बनाकर, मैदान का समतलीकरण कर खेल मैदान तैयार करवाने के निर्देश न.पा.सीएमओं को दिए। कलेक्टर ने वाल्मिकी बस्ती, एकता कालोनी, जयसिंगपुरा रोड स्थित पांच गलियों में नाली, सडक निर्माण के प्रस्ताव भी बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ग्वालटोली, गाडोलिया बस्ती, रावणरूण्डी नई आबादी, यादव मण्डी का निरीक्षण कर इन बस्तियों में उपलब्ध सडक, बिजली, नाली निर्माण आदि मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और शेष गलियों को सी.सी., नाली निर्माण के स्टीटमेट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**आंगनवाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक शाला का निरीक्षण**-कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्वालटोली, गाडोलिया बस्ती के निरीक्षण दौरान वहॉ संचालित आंगनवाडी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों की उपस्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने आंगनवाडी भवन में संचालित प्राथमिक विद्यालय के पास बने सामुदायिक भवन में शिफ्ट करवाने के निर्देश दिए।



## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 18 | 2176 | 2337 |
| उडद | 4 | 3800 | 4600 |
| सोयाबीन | 5411 | 4025 | 4725 |
| गैहु | 6352 | 2650 | 3021 |
| चना | 280 | 4851 | 6400 |
| मसुर | 21 | 6300 | 7220 |
| धनिया | 98 | 6000 | 7785 |
| लहसुन | 16000 | 1751 | 8900 |
| मैथी | 458 | 3511 | 5555 |
| मुंगफली | 230 | 4180 | 4899 |
| अलसी | 1025 | 7481 | 7741 |
| सरसो | 302 | 6551 | 7050 |
| तारामीरा | 2 | 5290 | 5290 |
| इसबगोल | 53 | 9000 | 11551 |
| प्याज | 4500 | 300 | 1000 |
| कलोंजी | 4 | 15800 | 19681 |
| तुलसी बीज | 3 | 13482 | 14252 |
| डॉलर | 51 | 6901 | 9283 |
| तिल्ली | 269 | 6000 | 9532 |
| जौ | 15 | 2300 | 2360 |
| मटरसुखी | 7 | 2300 | 3580 |
| असालीया | 5 | 6000 | 6000 |
| चियाबीज | 33 | 10000 | 19500 |

